डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
मोहान रोड, लखनऊ 226 017 दूरभाष नं0–8004930056/0522-2999862/2998380/1/2/3294434 वेबसाइट: http://dsmru.up.nic.in

प्रेषक

कुलसचिव,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1). **निदेशक,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(2). **समस्त विभागाध्यक्षगण,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(3). **विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4). **डॉ0 संजीव गुप्ता,**
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5). **श्री आशीष गुप्ता,**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक 1664 पत्रा.सं0–568 / डी.एस.एम.एन.आर.यू. / वि0परि0 / 2019–20 दिनांक: 25 अक्टूबर,2019

**विषयः– डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या–परिषद की बारहवीं बैठक दिनांक 25 अक्टूबर, 2019 की कार्यवृत्त प्रेषण के संबंध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या–परिषद की बारहवीं बैठक दिनांक 25.10.2019 (शुक्रवार) में लिये गये निर्णयों की कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जाने का मुझे निदेश हुआ है।

भवदीय

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## के मा0 विद्या परिषद की

## 12वीं बैठक दिनाँकः 25 अक्टूबर, 2019 का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | प्रातः 11:30 बजे |
| स्थान– | पंचम तल स्थित समागार,<br>डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद की 12वीं बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित समागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

| बिन्दु संख्या | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/12 | **विद्या परिषद की ग्यारहवीं–बैठक हेतु निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** विश्वविद्यालय विद्या परिषद की ग्यारहवीं बैठक दिनांकः 13 अगस्त, 2019 के निर्गत कार्यवृत्त विश्वविद्यालय के पत्रांकः 994/पत्रा.सं0–568/डीएसएनआरयू/वि.परि./2019–20, दिनांकः 13 अगस्त, 2019 के द्वारा विद्या परिषद के सदस्यों को प्रेषित किया जा चुका है। उक्त निर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–9/11 पर डॉ0 पांचाली सिंह, विभागाध्यक्ष, प्रबन्धशास्त्र विभाग एवं डॉ0 विजय शंकर शर्मा, विभागाध्यक्ष, दृष्टिबाधितार्थ विभाग द्वारा कतिपय आपत्ति व्यक्त की गयी। उक्त पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि पुस्तकालय नियमावली में यदि कोई अन्य विषयवस्तु समाहित किया जाना है या उक्त हेतु नियामक संस्थाओं द्वारा कोई निर्देश प्रदान किये गये है उसका प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय, अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर उन बिन्दुओं/विषयो को भी पुस्तकालय नियमावली में सम्मिलित कर लिया जायेगा। |
| 2/12 | **विद्या परिषद की ग्यारहवीं–बैठक दिनांक 13.08.2019 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद को ग्यारहवीं बैठक दिनांक 13.08.2019 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से अवगत हुई। |
| 3/12 | **कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम की शिक्षण शुल्क कम किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम की प्रति सेमेस्टर Tution Fee 25,000/- (50,000 वार्षिक) निर्धारित है, जबकि एम0एस0सी पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय तथा आई0टी0 पाठ्यक्रम की प्रति सेमेस्टर Tution Fee 10,000/- रू0 निर्धारित है। जबकि अन्य विश्वविद्यालय में एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु हेमवती नंद बहुगुणा गणवाल विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड में की Tution Fee 20,000–/ प्रति वर्ष, यू0पी0टी0यू0, लखनऊ Tution Fee 20,000–/ प्रति वर्ष एवं बाबा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ Tution Fee 12,000–/ प्रति वर्ष है, सम्यक विचारोपरान्त मा0 |

(Amit Kumar Singh)
Registrar
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University,
Lucknow

(प्रो0 आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | विद्यापरिषद द्वारा विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में शुल्क के निर्धारण व उसके सक्षम स्तर पर अनुमोदन आदि के सम्बन्ध में वित्त अधिकारी की अध्ययक्षता में एक समिति के गठन का निर्णय लिया गया जिसमें प्रशासनिक स्तर पर उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव परीक्षा नियंत्रक, विधि अधिकारी, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण सदस्य के रूप में सम्मिलित होंगे। |
| 4/12 | **1. कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम 2020–21 से लागू किये जाने एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम की 50 प्रतिशत सीट का प्रवेश UPSEE के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में।**<br>**2. कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर साइंस) पाठ्यक्रम 2020–21 से नियमित पाठ्यक्रम के रूप में लागू किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद द्वारा कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम 2020–21 से लागू किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि जो भी पाठ्यक्रम पूर्व से संचालित है, उनके संचालन हेतु यथावांछित सुविधायें जैसे लैब, पुस्तकें, फर्नीचर, इत्यादि की समुचित व्यवस्था कराते हुए उनका संचालन किया जाए। विश्वविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करते हुए समाज की मुख्य धारा से जोड़ना एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के संचालन को ही वरीयता प्रदान की जाए। साथ ही एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम की 50 प्रतिशत सीट का प्रवेश UPSEE के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन (AICTE) के नियमो परीनियमों के अध्यनोपरान्त कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। |
| 5/12 | **विश्वविद्यालय में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के अर्न्तगत संचालित अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संकाय में 10 प्रतिशत सीटों पर Lateral Entry के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध मे।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अन्तर्गत पॉचों शाखाओं के लिए शैक्षिक सत्र 2020–21 में UPSEE से Lateral Entry के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2020–21 से शाखावार प्रवेश हेतु सुसंगत नियमों के आधार पर निर्धारित सीटों की उपलब्धता के आधार पर 10 प्रतिशत सीटों पर विद्याथियों को द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 6/12 | **विश्वविद्यालय से सम्बद्व टी0 एस0 मिश्रा कालेज ऑफ नर्सिग अमौसी, लखनऊ में संचालित बी0एस0सी0, नर्सिग तथा टी0एस0मिश्रा कालेज ऑफ पैरामेडिकल, अमौसी लखनऊ में पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में शुल्क निर्धारण के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी. एस. मिश्रा कालेज ऑफ नर्सिग, अमौसी, लखनऊ में संचालित बी.एससी. नर्सिग तथा टी. एस. मिश्रा कालेज ऑफ पैरामेडिकल, अमौसी, लखनऊ में पैरामेडिकल पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय स्तर से अभी तक पाठ्यक्रम शुल्क का निर्धारण नहीं किया गया है। साथ ही मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया है कि सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का शुल्क भारतीय परिचर्या परिषद तथा पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों हेतु अन्य सरकारी संस्थानों में निर्धारित शुल्क के आधार पर तात्कालिकता की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया गया है। पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों हेतु शुल्क निर्धारण के लिए उत्तर प्रदेश आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद द्वारा ली |

(...mit Kumar Singh)
Registrar
Dr. Shakuntala Misra
...al Rehabilitation University,
Lucknow



(प्रो0 आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

| | | |
|---|---|---|
| | | जाने वाली फीस के आधार पर टी.एस. मिश्रा कॉलेज आफ पैरामेडिकल, लखनऊ द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों B.Sc. Nursing, B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT), B.Sc. in Radiological Imaging Technician (BRIT), B.Sc. in Optometry (BO) एवं Bachelor of Physiotherapy (BPT) के लिए शैक्षिक सत्र 2019–20 हेतु शुल्क निर्धारण पर मा0 विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7/12 | | **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित न किये जाने वाले पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या के अनुमोदन के सम्बन्ध में।** |

**निर्णयः**— विश्वविद्यालय में ऐसे पाठ्यक्रम, जिनका संचालन विश्वविद्यालय में नहीं किया जा रहा है, परन्तु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों में उक्त पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जबकि सम्बद्ध संस्थाओं/महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए बोर्ड ऑफ स्टडीज का गठन नहीं हुआ है।

उक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित ऐसे पाठ्यक्रम, जिनका संचालन विश्वविद्यालय में नही किया जाता है, उनकी बोर्ड ऑफ स्टडीज का गठन विश्वविद्यालय स्तर से किया जाना है जिसका विवरण निम्नवत हैः—

| क्रम सं0 | वि0वि0 से सम्बद्ध संस्थाओं का नाम | पाठ्यक्रम का नाम, | पाठ्यचर्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | टी.एस. मिश्रा मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, अमौसी, लखनऊ | एम.बी.बी.एस. | भारतीय चिकित्सा परिषद |
| 2. | टी.एस. मिश्रा कॉलेज आफ नर्सिंग, अमौसी, लखनऊ | बी.एससी. नर्सिंग | भारतीय परिचर्या परिषद |
| 3. | टी.एस. मिश्रा कॉलेज आफ पैरामेडिकल, अमौसी, लखनऊ | बी.एससी. इन मेडिकल लैबोरेटरी टेक्निक्स | उत्तर प्रदेश आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा, |
| | | बैचलर आफ फिजियोथेरेपी | |
| 4. | हिन्द महाविद्यालय, मुरारपुर रेलवे स्टेशन दरियाबाद, बाराबंकी | बी.एससी. (जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान व गणित विषय हेतु) | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ |
| | | एम0ए0 (उर्दू, शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान व भूगोल) | |
| | | बी0ए0 (उर्दू, शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, चित्रकला, गृहविज्ञान) | |

मा0 विद्या परिषद् द्वारा उपरोक्त का संज्ञान लेते हुए सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि **उपरोक्तानुसार सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय स्तर से बोर्ड ऑफ स्टडीज कमेटी गठित किया जाय, जिसमें वाह्य विशेषज्ञो को नामित किया जाय। विश्वविद्यालय द्वारा गठित बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में संबन्धित पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या (सिलेबस) को विचारार्थ प्रेषित किया जाय। बोर्ड आफ स्टडीज उक्त पाठ्यचर्चा को अपनी संस्तुति सहित कुलपति महोदय को प्रेषित करेगा बोर्ड आफ स्टडीज का गठन पाठ्यचर्चा के अनुमोदन आदि के लिए कुलपति विश्वविद्यालय को अधिकृत किया गया,** तथा जब तक विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यचर्चा हेतु अध्ययन मण्डल का गठन कर



(Amit Kumar Singh)
Registrar
Dr. Shakuntala Misra
Nationa[illegible]

(प्रो0 आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | अन्तिम स्वरूप नही दिया जाता है तब तक सारणी के स्तम्भ संख्या 04 के अनुरूप इस कार्य हेतु अनुमति प्रदान किया गया। |
| 8/12 | **विश्वविद्यालय के षष्ठम् दीक्षान्त समारोह में मानद उपाधि के लिए नाम के अनुमोदन के संबंध में।**<br>**अ. पदम् विभूषण जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य, कुलाधिपति, जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट, उ0 प्र0**<br>**ब. पदम भूषण श्री देवेन्द्र राज मेहता, संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर, राजस्थान।** |
| | **निर्णयः–** विश्वविद्यालय में दिनांक 07 नवम्बर, 2019 को षष्ठम दीक्षान्त समारोह में पदम् विभूषण जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य, कुलाधिपति, जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट, उ0 प्र0 एवं पदम भूषण श्री देवेन्द्र राज मेहता, संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर, राजस्थान को मानद उपाधि दिये जाने पर मा0 विद्या परिषद द्वारा यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 9/12 | **षष्ठम दीक्षान्त समारोह में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में दिनांक 07 नवम्बर, 2019 को षष्ठम दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शैक्षिक सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्व महाविद्यालयों में उत्तीर्ण 1000 विद्यार्थियों को उपाधि तथा 112 विद्यार्थियों को मेडल वितरित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त से अवगत होते हुए मा0 विद्यापरिषद द्वारा उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 10/12 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।** |
| (1) | **विश्वविद्यालय में गैर–व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत संचालित बी0ए0 एवं एम0ए0 में प्रवेश तिथि के उपरान्त 02 दिव्यांग विद्यार्थी को प्रवेश दिये जाने के संबंध में।** |
| | **निर्णयः–** विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019–20 में गैर–व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत संचालित बी0ए0 एवं एम0ए0 पाठ्यक्रम में 02 दिव्यांग विद्यार्थी द्वारा प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन नहीं किया गया था उक्त दिव्यांग विद्यार्थियों यथा श्री आशु जयसवाल, बी0ए0 एवं कु0 सरोज यादव द्वारा एम0ए0 में प्रवेश मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनपरान्त दिया गया है। जिस पर मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| (2) | **विश्वविद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थी हेतु प्रूफ रीडर की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।** |
| | **निर्णयः–** विश्वविद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु प्रूफ रीडर की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यकता का आंकलन करते हुए प्रूफ रीडर की आवश्यकता पर मा0 विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| | अन्य किसी विन्दु के न आने से बैठक में उपस्थित सदस्यगण को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई। |



(Amit Kumar Singh)
Registrar
Dr. Shakuntala Misra
National Rehabilitation University,
Lucknow

(प्रो0 आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
मोहान रोड, लखनऊ 226 017 दूरभाष नं0–8004930036/0522-2999862/2998380/1/2/3294434 वेबसाइट: http://dsmru.up.nic.in

प्रेषक

कुलसचिव,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1). **निदेशक,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(2). **समस्त विभागाध्यक्षगण,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(3). **विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4). **डॉ0 संजीव गुप्ता,**
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5). **श्री आशीष गुप्ता,**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक : 2111 / पत्रा.सं0–568 / डी.एस.एम.एन.आर.यू. / वि0परि0 / 2019–20 दिनांक: 27 दिसम्बर 2019

**विषयः– डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या–परिषद की तेरहवीं बैठक दिनांक 24 दिसम्बर, 2019 की कार्यवृत्त प्रेषण के संबंध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या–परिषद की तेरहवीं बैठक दिनांक 24.12.2019 (मंगलवार) में लिये गये निर्णयों की कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जाने का मुझे निदेश हुआ है।

भवदीय

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## के मा0 विद्या परिषद की

## 13वीं बैठक दिनाँकः 24 दिसम्बर, 2019 का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | अपराह्न 01:00 बजे |
| स्थान– | पंचम तल स्थित सभागार,<br>डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद की 13वीं बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| बिन्दु संख्या | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/13 | **मा0 विद्या परिषद की बारहवीं बैठक हेतु निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर, 2019 को आहूत विद्या परिषद की बारहवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी, जिस पर किसी सदस्य से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। |
| 2/13 | **मा0 विद्या परिषद की बारहवीं बैठक दिनांक 25.10.2019 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद को 12वीं बैठक दिनांक 25.10.2019 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन की स्थिति से अवगत कराया गया। |
| 3/13 | **अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में विभिन्न पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या एवं परीक्षा से सम्बन्धित बिन्दुओं के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–**मा0 विद्या परिषद विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के अन्तर्गत संचालित– सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिग में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर पाठ्यचर्या को अद्यतन किये जाने एवं परीक्षा से सम्बन्धित बिन्दु के सम्बन्ध में विभागीय अध्ययन मण्डल (Board of Studies) की विगत दिनांक 13 दिसम्बर, 2019 को आहूत बैठक की संस्तुतियों पर सम्यक् विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया । |
| 4/13 | **ए.आई.सी.टी.ई, नई दिल्ली के मानकानुरूप बी.टेक. शिक्षकों को वेतनमान अनुमन्यता के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–**विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित माध्यम से बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षणिक कार्य के लिए दो प्रकार– नियत मानदेय एवं दैनिक/मासिक दरों पर सूचीबद्ध–शिक्षकों की सेवाएं प्राप्त की जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2019–20 में ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों का अनुमोदन प्रदान किया गया। ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा जारी Letter of Approval (LoA) Approval Process 2019-20 को अंगीकृत करते हुये विश्वविद्यालय में संचालित बी0टेक पाठ्यक्रम के शिक्षकगण के वेतनमान लागू किए जाने पर विचार किये जाने हेतु उक्त प्रकरण को मा0 विद्या परिषद की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। मा0 विद्या परिषद की बैठक में मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में संचालित अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम है, उक्त संकाय का कुल व्यय वहन संकाय द्वारा अर्जित स्रोतों से ही किया जाता है विगत सत्रों से अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों– सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड |

(अनिल कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

(प्रो0 आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में सीटें रिक्त रहने के कारण प्राप्तियाँ अपेक्षाकृत कम रही हैं, इस प्रकार वर्तमान में उक्त संस्थान वित्तीय रूप से निवर्हनीयता नहीं प्राप्त कर सका। वर्तमान में संकाय में अर्जित धनराशि न्यून होने के कारण वर्तमान में कार्यरत शिक्षकवृन्द को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के वेतनमानानुसार वेतन प्रदान किए जाने हेतु मा0 विद्या परिषद द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त असहमति व्यक्त करते हुए निर्णय प्रदान किया गया कि यदि भविष्य में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में अर्जित आय में वृद्धि होती है, उस स्थिति में संस्थान में कार्यरत शिक्षकवृन्दों का वेतनमान अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों में विहित व्यवस्थानुसार प्रदत्त किए जाने पर पुनः विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय। |
| 5/13 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।** |
| (1) | **विश्वविद्यालय में भर्तियों के दृष्टिगत विभागवार विशेषज्ञों के पैनल उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में आगामी सत्र में नैक (NAAC) कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके सम्बन्ध में विभागवार सृजित पदों पर नियुक्तियाँ की जानी भी प्रस्तावित हैं, क्योंकि विश्वविद्यालय में शिक्षकवृन्द के अधिकतर पद रिक्त चल रहे हैं। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय में विभागवार जिन विभागों में प्रोफेसर नियुक्त है, उन विभागों से चयन समिति में सम्मिलित होने वाले विशेषज्ञ सदस्यों के नामों/पैनल की सूची उपलब्ध करायी जानी है। विभागवार उपलब्ध विशेषज्ञ सदस्यों के पैनल को मा0 कार्य परिषद के अनुमोदनार्थ प्रेषित किये जाने हेतु कुलपति विश्वविद्यालय को मा0 विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया। |
| अन्य किसी बिन्दु के न आने से बैठक में उपस्थित सदस्यगण को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई। | |

([illegible] कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

(प्रो० आर०के०पी० सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ